हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 5 मई 2025

06 कलेक्टर ने की पारासरी उद्गम स्थल से पांच किलोमीटर ...

08 केंद्रों की कमी के चलते आधार कार्ड में सुधार व ...

खबर संक्षेप

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच पहुंचे कलेक्टर

विदिशा। हरि वृद्धारम में रह रहे वृद्धजन सुबह-सुबह अपने बीच कलेक्टर को पाकर आश्चर्य चकित हो गए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता सुबह के समय हरि वृद्धाश्रम जा पहुंचे थे। उन्होंने यहां निवास कर रहे बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उनका हालाचाल जाना और वृद्धाश्रम में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में बुजुर्गों से संवाद कर जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन कराने तथा उक्त आयोजन में स्वयं उपस्थिति रहने का आश्वासन दिया। कलेक्टर द्वारा बुजुर्गों को इस दौरान मिष्ठान और फल भी वितरित किए गए।

ताइक्वांडो गोल्ड कप प्रतियोगिता में जबलपुर बना ओवरऑल चैंपियन

विदिशा। 2 से 4 मई तक मप्र ओपन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो गोल्ड कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के मार्गदर्शन में जिला ताइक्वांडो संघ विदिशा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 20 टीमों ने भाग लिया। जिसमें लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्गों में मुकाबले आयोजित किए गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, शक्ति और तकनीक का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। समापन समारोह रहा गरिमामयीप्रतियोगिता का समापन समारोह भव्य और प्रेरणादायक रहा।

मृतकों को गायत्री परिवार ने दी श्रद्धांजलि

विदिशा। कश्मीर के पहलगाम धर्म के आधार पर गोली मारकर हुई हत्या के विरोध में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नीमताल पर गांधी प्रतिमा के सामने दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। वरिष्ठ परिजनों द्वारा गायत्री माता ,गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। गायत्री परिजन प्रकाश सोनकर और सौरभ गुप्ता के द्वारा देशभक्ति गीतों के माध्यम से देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ध्यान कराया गया।

3 घंटे गुल रही बिजली उपभोक्ता हुए परेशान

विदिशा। रविवार को बिजली कंपनी पावर हाउस सबस्टेशन पर मेंटेनेंस कार्य के चलते बाल विहार फीडर में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बिजली कटौती की गई। इससे बाल विहार, स्वर्णकार कॉलोनी, किरी मोहल्ला, माधवगंज, हॉस्पिटल रोड, लुहागी मोहल्ला, निकासा और तलैया मोहल्ला प्रभावित होंगे। सबसे लंबी कटौती तिलक चौक फीडर में होगी, जहां सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बिजली बंद रही। इससे हॉस्पिटल रोड, नीमताल, कागदीपुरा, मुगलटोला और चौरासिया हॉस्पिटल क्षेत्र प्रभावित हुए। इसके अलावा तिलक चौक, मेघदूत टॉकीज, नंदवाना, बड़ा बाजार, खाई रोड, लोहा बाजार, नदीपुरा में भी बिजली कटौती की गई।

पूरनपुरा गली नंबर पांच में बीती रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई

बेटे ने पिता से 10 लाख मांगे, मना करने पर सिर पर रॉड मारकर मौत के घाट उतार दिया

रुपयों के लिए एक बेटे ने अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। रिटायरमेंट के बाद पिता को मिले पैसों पर बेटे की नजर थी। उसने अपने पिता से 10 लाख रुपए की मांग की। पैसे न देने पर बीती रात अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना की जानकारी जिसे भी लगी वह सुनकर सन्न रह गया की रुपयों के लिए एक बेटा इस हद तक भी जा सकता है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

विदिशा। पूरनपुरा गली नंबर तीन निवासी आरोपी बेटे को पकड़कर थाने ले जाते हुए सिविल लाइन पुलिस के जवान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पूरनपुरा गली नंबर 3 में शनिवार रात एक बेटे ने रुपयों के लिए अपने पिता की हत्या कर दी। बिजली कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मचारी परसराम कुशवाह के छोटे बेटे रवि ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार किया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन थाने के एसआई केके पवार ने बताया कि मृतक को पेंशन मिलती थी, जिससे घर का खर्च चलता था। आरोपी रवि बेरोजगार है और अक्सर विवाद करता था। शनिवार रात पैसों के लिए हुए विवाद में उसने पिता की हत्या कर दी।

पिता से 10 लाख रुपए मांग रहा था आरोपी बेटा

परसराम के बड़े बेटे ने बताया कि परसराम सितंबर 2024 में रिटायर हुए थे। तभी से रवि 10 लाख रुपए की मांग कर रहा था। घटना के समय परसराम घर पर अकेले थे। आरोपी बेटे ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार किया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

विदिशा। गुलाबगंज में एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका ने 29 दिसंबर 2017 को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच में सामने आया कि ग्राम डबरी, थाना शमशाबाद निवासी पर्वत पुत्र रामप्रसाद आदिवासी 25 वर्ष ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर उसे आत्महत्या के लिए विवश किया। जांच के दौरान आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे 26 मार्च 2018 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। विवेचना के बाद पोक्सो अधिनियम का इजाफा किया गया। प्रकरण में साक्षी सौदान सिंह, बादाम सिंह, सुमंत्रा बाई, रतिबाई, रघुवीर सिंह, रोहित, श्यामबाई, भारत आदिवासी, डॉ. विवेक अग्रवाल, विनिता अग्रवाल, लखन आदिवासी, राजकुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक रचना मित्रा के बयान दर्ज किए गए।

नीट यूजी परीक्षा: चेकिंग के बाद दिया केंद्र के अंदर प्रवेश

विदिशा। छात्र छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नीट यूजी 2025 की परीक्षा तीन केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। गर्ल्स कॉलेज में 552 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। एसएटीआई में 552 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय विदिशा में 504 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के खजान सिंह के अनुसार उनके केंद्र में 12 कमरों में परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। परीक्षार्थियों की सघन जांच की जा रही है। परीक्षा केंद्र में कई वस्तुएं प्रतिबंधित हैं। इनमें स्टेशनरी, किताब, कागज और प्लास्टिक पाउच शामिल हैं। कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड और पेन ड्राइव पर भी रोक है। मोबाइल, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन और पेजर नहीं ले जा सकते। हेल्थ बैंड, घड़ी, कैमरा और खाने-पीने की वस्तुएं भी वर्जित हैं।

बूंद बूंद पानी से तरस रहा कागपुर गांव

कागपुर। कागपुर में नल जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण कागपुर गांव पानी के लिए तरस रहा है। ग्रामीणों का कहना ठेकेदार ने घटिया किस्म के पाइप डाले हैं। मोटर चालू करते ही पाइप फट जाते हैं या निकल जाते हैं। पानी टंकी तक ही नहीं पहुंच पा रहा। 8-10 दिन से कागपुर गांव में पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद पड़ी है। कागपुर बस स्टैंड के दुकानदारों का कहना है कि लोग दुकानों पर बोतल भरने के लिए आते हैं लेकिन पानी की कमी होने के कारण उन्हे मना करना पड़ता है।

नटेरन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 अंतिम पड़ाव पर, जबरदस्त मुकाबलों ने बढ़ाया रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 के 11वें दिन खेले गए मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांच को चरम पर पहुंचा दिया।

पहला मुकाबला अभिषेक 11 आमखेड़ा बनाम गब्बर 11 के बीच हुआ। टॉस जीतकर आमखेड़ा ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। गब्बर 11 ने शानदार शुरुआत करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 90 रन बनाए। जवाब में आमखेड़ा के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले पर कब्जा कर लिया। नितिन की मात्र 24 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत आमखेड़ा ने यह मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया।

नितिन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मुकाबला कोटरा 11 बनाम रज्जू 11 के बीच हुआ। कोटरा 11 ने अपनी विजयी लक्ष्य को बरकरार रखते हुए रज्जू 11 के खिलाफ मुकाबला जीता। रज्जू 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77/8 रन बनाए। जवाब में कोटरा 11 ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 81/2 रन बनाकर यह मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच में कोटरा के प्रयास मीणा को उनकी ऑलराउंड परफॉर्मेंस के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरा मुकाबला आमखेड़ा 11 बनाम कोटरा 11 के बीच हुआ। कोटरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 97 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आमखेड़ा की टीम कोटरा की सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग के आगे टिक नहीं पाई। कोटरा ने यह मुकाबला 31 रनों से जीत लिया। इस मैच में भी कोटरा के प्रयास मीणा को शानदार प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

मरीज को एयर एंबुलेंस से पहुंचाया नागपुर

विदिशा। मप्र शासन की एयर एंबूलेंस योजना से नपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने मरीज सुरेंद्र लोधी को एयर एंबुलेंस से नागपुर रवाना कराया। राकेश शर्मा ने बताया कि अटारी खेजड़ा के

सुरेंद्र लोधी कैंसर से पीड़ित हैं। सुरेंद्र लोधी का इलाज भोपाल बंसल हॉस्पिटल में विगत एक माह से चल रहा था। बंसल हॉस्पिटल में मरीज सुरेंद्र लोधी को फायदा न लगने के कारण उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा से सम्पर्क किया। श्री शर्मा ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से चर्चा कर मुख्यमंत्री एंबूलेंस योजना से मरीज को भोपाल से नागपुर रवाना कराया। मरीज का उपचार अब एससीजी कैंसर केयर हॉस्पिटल में चल रहा है। मरीज के परिजनों ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता का धन्यवाद दिया।

मध्यप्रदेश शासन लिखी बोलोरो जीप से 4 पेटी देशी शराब और 8 पेटी बीयर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

रविवार की सुबह 10 बजे मप्र शासन लिखी एक बोलोरो जीप से 6 पेटी देसी शराब और 8 पेटी बियर जब्त की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की शमशाबाद रोड बाईपास लटेरी से एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी में शराब है।

पुलिस की गाड़ी को आता देखकर बोलेरो गाड़ी का चालक गाड़ी सड़क पर छोड़ कर चाबी लेकर भाग गया। कटर से गेटों को काटकर अंदर तलाशी ली गई तो बोलेरों कार की सीटों के पास 8 पेटी बीयर कुल 96 बोटल तथा 3 पेटी देशी मदिरा प्लेन मिली। वहीं 3 पेटी देशी शराब भी बरामद की गई। पुलिस ने शराब और गाड़ी को जब्त कर लिया है। आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण के वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी जी के द्वारा नियमित रूप से समस्त थानों को मादक पदार्थ, अवैध शराब के संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई में जय कुमार सिंह थाना प्रभारी लटेरी बीएल सिलोरिया आत्माराम भिलाला, नन्नूलाल भील विजय दिलीप धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही।

विदिशा। बंद गाड़ी को क्रेन की मदद से तीन किमी दूर थाने तक लेजाया गया।

किसानों के हित में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री के समक्ष रखीं कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष विकास कार्यों के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं।

श्रीमती रघुवंशी ने प्रेशराइज्ड माइक्रो सिंचाई स्कीम से सिंचाई की क्षमता को दोगुना बढ़ाने, घटेरा तालाब को पुनः निर्मित करके ऊंचाई बढ़ाई जाएं, सभी गांवों में सर्वसुविधा युक्त मुक्तिधाम के निर्माण, लघु सिंचाई योजनाओं को पुनर्जीवित करने, ग्यारसपुर एवं त्योंदा में शासकीय डिग्री कॉलेज खोलने, गुलाबगंज कॉलेज में नए विषय शुरू करने, गुलाबगंज एवं ग्यारसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने और हैदरगढ़ बाईपास निर्माण कराने की मांग की। उन्होंने मांग की है कि 2000 करोड़ की प्रेशराइज्ड माइक्रो सिंचाई परियोजना को मंजूरी देकर क्षेत्र के सिंचित रकबे को दुगुना किया जाए। घटेरा तालाब को पुनः निर्मित करके ऊंचाई बढ़ाकर प्रेशराइज पाइप से सिंचित रकवे को तीन गुना हो जाएगा उसका सर्वे कराया जाएं।

सभी गांवों में सर्वसुविधा युक्त मुक्तिधाम निर्माण के लिए बजट आवंटित किया जाए। हैदरगढ़ बृहद बांध सहित अन्य लघु सिंचाई योजनाओं को चालू किया जाए।

बिजली कंपनी के ठेकेदार ने काट डाले हरे-भरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

यूको बैंक के सामने बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के हरे-भरे पेड़ काटने की घटना ने प्रदेश की 'हरित अभियान' की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह तब और भी विडंबनापूर्ण हो जाता है जब देश के मुखिया और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं एक पेड़ मां के नाम जैसे सराहनीय अभियान चला रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार ठेकेदार ने पेड़ों की कटाई के लिए न तो वन विभाग से अनुमति ली और न ही किसी अन्य प्रशासनिक इकाई से स्वीकृति प्राप्त की। यह पूरी प्रक्रिया अवैध रूप से अंजाम दी गई, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान हुआ है। शिवराज सिंह चौहान द्वारा वृक्षारोपण को एक भावनात्मक आंदोलन बनाने की कोशिश की जा रही है। वहीं सरकारी तंत्र में ही इस भावना को नजरअंदाज किया जा रहा है।

रवींद्रनाथ टैगोर भवन में देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रवींद्रनाथ टैगोर भवन में देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर अहिल्योत्सव मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को इस कार्यक्रम में बासौदा, सिरोंज, लटेरी और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

सिरोंज से आई बजरंग बाल टोली के 8 से 14 वर्ष के बच्चों ने भजन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। विदिशा के हिंद कला वीथिका के बच्चों ने नारी शक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कलाकार रागिनी मिश्रा ने रंगोली से कार्यक्रम स्थल को सजाया। देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती वर्ष समिति की ओर से पूरे साल विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रानी अहिल्या बाई के जीवन और उनके समय की परिस्थितियों पर चर्चा की। उनके आदर्शों और कर्तव्य शीलता को याद किया गया। रश्मि ताम्रकार ने बताया कि यह जयंती महोत्सव पूरे साल मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

विदिशा। कार्यक्रम के दौरान टोली के कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति।

चित्रगुप्त भगवान के प्रकट्य दिवस पर कायस्थ समाज ने निकाली शोभायात्रा

बालाजी मंदिर से निकली भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा, समाजजनों ने दिखाई एकजुटता

नगरपालिका प्रतिनिधि राकेश शर्मा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

चित्रगुप्त भगवान के प्रकट्य दिवस के अवसर पर रविवार को कायस्थ समाज द्वारा बालाजी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा बजरिया, बड़ा बाजार, निकासा होते हुए माधवगंज स्थित कांच मंदिर पहुंची। दो किमी की दूरी तय करने में करीब 3 घंटे का समय लगा। रास्ते में जगह जगह कायस्थ समाज के संगठनों और व्यापारियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कांच मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद समाजजन शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर पहुंचे।

विदिशा। शोभायात्रा में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित नेतागण शामिल हुए।

मंदिर में महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ परिवारों के सहयोग से स्व. हर विलास सक्सेना द्वारा दान दी गई 2400 स्कवायर फीट जमीन पर शेरपुरा में चित्रगुप्त मंदिर बना हुआ है।

मंदिर में भगवान चित्रगुप्त, माता इरावती, नंदनी सहित 12 पुत्रों की मूर्तिया समाजसेवी इंजी एनके श्रीवास्तव द्वारा स्थापित कराई गई। समाजसेवी स्व. बैनीप्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में उनकी पत्नि शांति देवी श्रीवास्तव द्वारा 5 लाख 55 हजार रु राशि दान देकर 1 सभागार निर्मित कराया गया। इस मंदिर से समाज के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। शेरपुरा में कायस्थ समाज के चित्रगुप्त मंदिर में चार सभागार एवं 6 कक्ष की धर्मशाला है। प्रति गुरुवार को मंदिर में सालों से महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में मंदिर समिति द्वारा मंत्र लेखन का कार्य भी कराया जा रहा है। अभी तक लाखों की संख्या में भगवान चित्रगुप्त का मंत्र लिखा जा चुका है।

खबर संक्षेप

गलत क्रॉसिंग करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने सिखाया सबक

देवास। शनिवार को एक टाटा एस लोडिंग वाहन क्रं. MP41LA2825 के चालक ने वाहन को बेहद गलत एवं खतरनाक ढंग से चलाते हुए बावड़िया चौराहे पर स्थित डिवाईडर को क्रॉस कर इंदौर से देवास की ओर आने वाले रोड से देवास से इंदौर की गाड़ी को अचानक डिवाईडर कुदा दिया जिससे एक बड़ी दुर्घटना होते होते रह गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही तत्काल पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा उक्त वाहन चालक को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जिस पर से टीआई शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम के द्वारा उक्त वाहन चालक आरोपी की पहचान कुंदन चौहान पिता राधेश्याम चौहान निवासी 47 इमली चौक बावडिया देवास के रूप मे की गई जो कि उक्त लोडिंग वाहन से आर.ओ. पानी वितरण का कार्य करता है । आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर वाहन क्रमांक MP41LA2825 टाटा एस सहित थाने लाया गया । आरोपी कुंदन चौहान द्वारा अपनी गलती स्वीकार की गई। आरोपी के विरूद्ध विधिसम्मत धाराओं में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 3500/- की चालानी कार्यवाही की गई है। आरोपी को आईन्दा इस तरह की गलती नही करने की सलाह दी गई ।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकान्त चौरसिया,प्रआर सुरेश,आर आकाश की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि इस तरह के लापररवाह वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

20 साल बाद पालनगर में गांव गैर माता पूजन

देवास पालनगर में 20 साले बाद गांव गैर माता पूजन का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुई, जहां से शीतला माता मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश रखे हजारों महिलाओं ने यात्रा में भाग लिया। आयोजन की तैयारियां दो दिन पहले से शुरू हो गई थीं। पालनगर के लगभग सभी घरों को सजाया गया था। पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं करवाईं।नगर निगम के कर्मचारियों ने क्षेत्र में बिजली, पानी और साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाली। पुलिस बल तैनात किया गया ताकि भीड़ को व्यवस्थित रखा जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही, ताकि किसी प्रकार की आपात स्थिति से निपटा जा सके। शीतला माता का हुआ अभिषेक, दो घंटे रोड जाम रहापिछले सप्ताह से शीतला माता की पूजा-अर्चना का सिलसिला चल रहा था। रविवार को महिलाओं ने जल से माता का अभिषेक कर गांव की समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। कलश यात्रा और पूजन कार्यक्रम के कारण नागदा-पालनगर रोड पर दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। हालांकि पुलिस ने रूट डायवर्ट कर स्थिति को नियंत्रित किया।

बौछारों से मौसम हुआ खुशनुमा.....

इलाके में पडीं बौछारें, तापमान में गिरावट

गंजबासौदा। गत दिवस से मौसम के तेवर बदलने के साथ ही जहां दोपहर में तेज आंधी के साथ बौछारें पडी थीं। वहीं बीती देर रात भी इलाके में अच्छी बौछारें पडीं। जिससे सडकें भीग गईं और मौसम खुशनुमा हो गया। इसके बाद रविवार की सुबह से ही आसमान पर हल्के बादल छाए रहे और गर्मी का असर भी कम रहा। जबकि दोपहर बाद फिर से काली घटाएं छा गईं और तेज हवा के साथ इलाके में कुछ समय तक अच्छी बौछारें पडीं। लगातार दो दिनों से बौछारें पडने और तेज हवाओं से तापमान में काफी गिरावट आ गई है और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। हांलाकि वेबसाइटों ने अब आगामी कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने के संकेत दिए हैं।

राज्यसभा सांसद से की रेलवे स्टेशन पहुंचकर मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस राज्य सभा सांसद एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया के भोपाल से ग्वालियर जाते समय स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस मौके पर सभी ने पुष्पगुच्छों से सांसद का अभिनंदन किया और एक दूसरे की कुशलक्षेम जानी।

यहां उल्लेखनीय है कि माया नारोलिया महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं और दोनों ने पूर्व में साथ साथ कार्य किया है। इसी के चलते सांसद माया नारौलिया नपाध्यक्ष से नगर विकास के लिए हर संभव मदद की बात भी कहती रही हैं। आज सांसद से मुलाकात एवं उनके स्वागत के अवसर पर नपाध्यक्ष के साथ पूर्व पार्षद योगेन्द्र समैया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

पारासरी को पुनर्जीवित करने के लिए तेज हुआ अभियान

कलेक्टर ने की पारासरी उद्गम स्थल से पांच किलोमीटर की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंचतत्व संरक्षण समिति, नगरपालिका परिषद तथा नगर के नागरिकों के पाराशरी नदी के पुनर्जीवन के प्रयास असर दिखाने लगे हैं। रविवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रातः 7 बजे पाराशरी के उद्गम स्थल ग्राम हिन्नोदा चक्क से करीब पांच किमी तक नदी के प्रवाह क्षेत्र के आसपास भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की।

यहां उल्लेखनीय है कि नवागत कलेक्टर अंशुल गुप्ता रविवार को सुबह पारासरी नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण करने यहां आए थे। सबसे पहले सुबह उन्होंने ग्राम हिन्नौदा में नदी के उद्गम स्थल को देखा और उसके बाद वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, एसडीएम विजय राय, पंचतत्व संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ साथ गणमान्य नागरिकों, वन विभाग , ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित ग्रामीणों के साथ नदी के प्रवाह क्षेत्र में करीब 5 किलोमीटर की पदयात्रा की। इस पदयात्रा में उन्होंने नदी के प्रवाह की मौके की स्थितियों को देखा परखा और जाना। पाराशरी नदी के पुर्नजीवन एवं संवर्धन के लिए क्या-क्या कार्य किए जा सकते हैं इस पर विचार विमर्श हुआ। इस संबंध में एक विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। पौधारोपण सहित अन्य बिंदुओं पर विचार कर ग्रामीणों के साथ मिलकर क्रियान्वयन करने के निर्देश भी सभी संबंधित विभागों को दिए गए हैं। सभी अधिकारियों ने नदी के उद्गम स्थल हिन्नौदा चक्क से मंगरई वीरान से पबई परसौरा मेढे तक किनारे किनारे चलकर ड्रोन कैमरे और कैमरे से फोटोग्राफी वीडियोग्राफी कराई, ताकि बारिश के पहले उसकी पूरी योजना बनकर क्रियान्वयन हो सके कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि नदी के किनारे आस पास सभी ग्रामीणों से बैठ बात कर नदी को जीवित करने और पौधरोपण का कार्य भी उन्हीं को सौंपना है। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी हेमंत यादव ने कहा कि पाराशरी को यदि पुनः पुराने स्वरूप में लौटाना है तो समाज को आगे आना होगा। समाज के सक्रिय सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं है। इस अवसर पर जनपद सीईओ तपस्या जैन, एसडीओ फॉरेस्ट, पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, मनोज यादव, मुकेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, अमान सिंह, संदेश जैन, संजय भंडारी, मनोज राठौर, सरपंच रामगोपाल यादव, बलराम यादव, राकेश पुरोहित, फूल सिंह राजपूत, अमन शर्मा, कुंवर सिंह, संजू ठाकुर, जसवंत सिंह, रमन सिंह, बृजेंद सिंह एवं सदस्य मौजूद थे।

अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने पाराशरी नदी के प्रवाह मार्ग में स्थित अवरोध, अवैध कब्जा हटाये जाने, जल संरचनाओं को सुदृढ करने आदि के संबंध में रूपरेखा तैयार कर 7 दिवस में

कार्रवाई प्रारंभ करने के लिए एसडीएम, जनपद सीईओ, वन परिक्षेत्र अधिकारी बासौदा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके उपरांत कलेक्टर द्वारा नवीन कृषि मंडी का भ्रमण निरीक्षण किया गया एवं टीनशेड में व्यापारियों के रखे अनाज को शीघ्र व्यवस्थित रखे जाने, टीन शेड को 3 दिवस में खाली कराये जाने व अन्य वस्थाओं को दुरुस्त करने के संबंध में एसडीएम को निर्देशित किया किया। इसके पश्चात एसडीएम कार्यालय के स्वीकृत नवीन भवन के लिए चिन्हित स्थान का निरीक्षण एवं सब्जी मंडी हेतु स्थान चिन्हित किये जाने के लिए नगर के समीप स्थित जगहों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने भी कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात की और उन्हें नगर में चल रहे विकास कार्यों सहित पारासरी नदी के सौंदर्यीकरण कार्य से भी अवगत कराया।

छप्पर तोड़ते हुए घर में गिरा धातु का टुकडा, लोग आए दहशत में

गंजबासौदा। नगर के वार्ड नंबर 21 देहात थाना अंतर्गत एक घर में शाम करीब 6 बजे अचानक आसमान से धातु का एक टुकडा छप्पर तोडता हुआ आ गिरा। जिससे घर के लोग दहशत में आ गए। हांलाकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 21 निवासी ऋषभ विश्वकर्मा के घर में ऊपरी मंजिल पर किचन में सीमेंट चादर का छप्पर है। आज शाम को जब उनकी पत्नी घर पर थीं और किचिन में काम कर रही थीं और वे किसी काम से बाहर गए थे। तभी पत्नी का मोबाइल बजा और वे किसी से बात करने किचिन से बाहर आ गईं। इस बीच तेज आवाज के साथ किचिन के छप्पर को तोडते हुए एक धातु का टुकडा किचन में आ गिरा। जिससे घर के लोग दहशत में आ गए। माना जा रहा है कि यह धातु का टुकडा किसी हवाई जहाज या किसी अन्य यान के किसी उपकरण का कोई हिस्सा हो सकता है। इस धातु के टुकडे की बनावट भी उपकरण के किसी हिस्से की तरह ही है।

जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत

गंजबासौदा। कस्बा बागरोद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गत दिवस एक कार्यक्रम में पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव का स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर कस्बा बागरोद भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष दीपक यादव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर अनिल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने की कार्यकर्ताओं से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व म प्र कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मेहलुआ चौराहा जाते समय गंजबासौदा पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व विधायक निशंक जैन एवं विकास शर्मा के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट की। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर, हार फूल मालाओं से अरूण यादव का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से चर्चा की और उनकी समस्याओं के बारे में जाना। साथ ही कांग्रेस संगठन की आगामी योजनाओं एवं क्रियाकलापों के बारे में जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने, संगठन को मजबूती देने और पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करने की समझाइश दी। इसी दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि हमारे अन्नदाताओं को प्रदेश सरकार से उनकी उपज के सही दाम नहीं मिल रहे हैं। अन्नदाताओं के साथ खरीदी केंद्रों पर सैंपिल के नाम पर ठगी की जा रही है। वहीं यादव ने प्रदेश और केंद्र सरकार को बेरोजगारी और महंगाई की मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि आज हमारे अन्नदाता और युवा अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व विधायक निशंक जैन, प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास शर्मा सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहें।

हत्या संबंधी मामले में 9 वर्षों से फरार सजायाफ्ता गिरफ्तारी वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार

देवास। 01 नवम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिलें मे "ऑपरेशन हवालात" की शुरूआत की गई है । जिसके अंतर्गत लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों की की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर अपराधों मे फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में थाना औद्योगिक क्षेत्र के द्वारा संबंधी प्रकरण क्रमांक में प्रकरण क्रमांक 205/2005 धारा 307,324,294 भादवि का आरोपी सुरेश उर्फ राजेश पिता नारायाण जायसवाल उम्र 55 साल निवासी ढाबला खालसा लगभग 09 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था ,जिस पर औद्योगिक क्षेत्र टीआई शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की थी ।

आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

समारोह पूर्वक मनाई जाएगी केवट जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार वार्ड क्रमांक 1 स्थित गौंडबाबा मंदिर परिसर में केवट जयंती समारोह को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 15 मई को केवट जयंती को नगर में पूरे उत्साह और समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में नगर गंज बासौदा के समस्त रैकवार समाजबंधुओं ने लकी रैकवार को केवट जयंती चल समारोह का अध्यक्ष घोषित किया। इस बैठक में समाज के लोगों ने एकत्रित होकर लकी रैकवार को बधाई दी एवं माला पहनकर तिलक लगाकर समारोह की अग्रिम बधाई दी। जिसके बाद बैठक में केवट जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और समाज के विकास और उत्थान के लिए चर्चा की गई। इस दौरान केवट जयंती समारोह में समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस बैठक के माध्यम से समाज के लोगों ने एकत्रित होकर समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करने का संकल्प लिया। बैठक में बडी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

मच्छरों से लोग परेशान

गंजबासौदा। जैसे जैसे गर्मी का प्रकोप तेज होता जा रहा है। वैसे ही मच्छरों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। पाराशरी नदी किनारे की रहवासी एवं निचली बस्तियों में मच्छरों की सर्वाधिक संख्या देखी जा रही है। रहवासियों ने नपा से मच्छर मार दवा के छिड़काव एवं मच्छर नाशक धुंए के छिडकाव की मांग नपा से की है।

म.प्र. शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजबासौदा
नर्सरी से कक्षा 12
इंग्लिश एवं हिन्दी माध्यम
JP PROPEL
Smart Classroom
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा 11 एवं 12 अंग्रेजी माध्यम
आर्ट्स, मैथ्स, सांइस
स्मार्ट लर्निंग से अपने बच्चे की असली क्षमता को उजागर करें।
सिरोंज रोड, पेट्रोल पंप के पास, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र)
Phone : 07594-220401 E-mail : smtratanbaijainschool@yahoo.in

खबर संक्षेप

पूर्व गृहमंत्री आज खुरई विधायक कार्यालय में जनसमस्याएं सुनेंगे

सागर। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह सोमवार, 5 मई को आफीसर्स कालोनी स्थित विधायक कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनों से भेंट करेंगे। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह दोपहर 2 बजे विधायक कार्यालय पहुंचेंगे। यहां वे भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों से मुलाकात कर जनसमस्याओं को सुन कर निराकरण करेंगे। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

नीट परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न, 69 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

सागर। नीट परीक्षा 2025 शांतिपूर्ण रूप से सागर के पांच परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई जिसमें 2596 परीक्षार्थी सम्मिलित हुई कुल 69 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला प्रशासन के द्वारा निरीक्षण दल तैयार किए गए थे जो की लगातार सभी पांच परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण करते रहे इसके लिए कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर आरती यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था जो की लगातार परीक्षा की मॉनिटरिंग करती रही हैं। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक के प्राचार्य मनीष गुप्ता ने बताया कि आज नीट परीक्षा में 2665 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था जिस मैसेज 2596 परीक्षार्थी उपस्थित हुए कुल 69 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक में 14 केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 में 7 उत्कृष्ट विद्यालय में 15 , कन्या महाविद्यालय में 18 एवं आर्मी पब्लिक स्कूल में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

आज से अग्रवाल समाज का 10 दिवसीय समर कैंप

सागर। अग्रवाल विकास सभा सागर द्वारा अग्रवाल समाज के बच्चों एवं महिलाओं के लिए दस दिवसीय समर कैंप पद्माकर विद्यालय कटरा नमक मंडी में 5 मई से प्रारंभ हो रहा। समर कैंप की तैयारियां हेतु अग्रवाल विकास सभा की प्रबंध कार्यकारिणी, महिला समिति एवं युवा उपसमिति की संयुक्त बैठक अध्यक्ष आलोक अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई । जिसमें समर कैंप में विभिन्न विधाओं को शामिल करने और उन्हें सिखाने हेतु प्रशिक्षकों की सहमति प्रशिक्षणार्थियों की आयु वर्ग का निर्धारण आदि विषयों पर चर्चा हुई एवं तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन की जिम्मेदारी महिला समिति को सौपी गई। अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज का दस दिवसीय समर कैंप पद्माकर विद्यालय में 5 मई से 15 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे के बीच आयोजित किया जायेगा जिससे आत्मरक्षार्थ हेतु सेल्फ डिफेंस, स्केचिंग और मेहंदी कला का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। समर कैंप में घरेलू अनुपयोगी सामग्रियों व अवशिष्ट वस्तुओं का उपयोग कर कलात्मक व सजावटी वस्तुओं के निर्माण का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 जून तक आयोजित होगी

सागर। भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत विकसित पोर्टल के माध्यम से जिला स्तर से योग्य व्यक्तियों के नामांकन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन नामांकन दर्ज करने की प्रक्रिया एवं सभी आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर 30 जून तक अपलोड किए जाने चाहिए।

आत्मा और परमात्मा का संग ही है सत्संग

रहली। सागर रोड बृजधाम कालोनी में चल रही श्री राम कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास पटना वाले बाबाजी ने बताया कि भगवान श्री राम वानर सेना के साथ रामसेतु से होते हुए लंका पहुंचे और रावण से युद्ध कर विजय प्राप्त की। लंका पर विजय के साथ ही वनवास काल समाप्त हो रहा था मात्र एक दिन का समय बाकी था,भगवान पुष्पक विमान से सीता, लक्ष्मण जी, हनुमान जी सहित सेना के साथ अयोध्या वापिस हुए।

जैन समाज की आस्था के केंद्र पारसनाथ हिल के संबंध में झारखंड हाईकोर्ट का फैसला

देशभर के जैन समाज में हर्ष की लहर, हाईकोर्ट के फैसले पर समाजजनों ने जाहिर की स्वप्रतिक्रियाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतवर्ष के जैन समाज के आस्था का केन्द्र श्री सम्मेद शिखर जी तीर्थ क्षेत्र जो कि झारखंड में स्थित है। जैन समाज का तीर्थ सम्मेद शिखर जी इतना बडा धार्मिक स्थल माना जाता है। जिस जैन परिवार में यदि सम्मेद शिखर जी की यात्रा कर ली वह जैन परिवार अपने आप को धन्य मानता है। काफी समय से इस तीर्थ क्षेत्र पर झारखंड सरकार ने कुछ मंदिरो पर पर्यटन स्थल बना दिया था। जहां इस पवित्र भूमि पर नागरिक पिकनिक स्पॉट समझ कर शराब,माशाहारी खाघ पदार्थो का सेवन खुले आम कर रहें थे। जिससे जैन समाज व साधु-संत इतने दुखी थे कि इसका अंदाजा भी नही लगाया जा सकता।

पर्यटन स्थल हटाने को लेकर जैन समाज के प्रतिनिधि मण्डलों ने झारखंड सरकार से लेकर केन्द्र सरकार तक चर्चाओ के दौर चलते रहे। तो वही कही जगह जैन समाज को आश्वासन भी मिला। लेकिन उक्त मामला झारखंड हाईकोर्ट में पहुच गया। जब झारखंड हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में अपना निर्णय सुनाया तो देश भर में जैन समाज में खुशी की लहर दौड गई। वही समाजजनो ने अलग अलग तरीके से अपनी खुशी जाहिर की।

■ **आईजा के प्रदेश आध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी बोले** - सम्मेद शिखर जी तीर्थ क्षेत्र जैन समाज का आस्था का केन्द्र रहा है। हमें उम्मीद थी कि जीत हमारी ही होगी। भगवान पारसनाथ ने हमें विजय श्री दिलाई।

पचंखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी बोले - हमें तो द्रय निश्चित थे कि हमारे तीर्थ क्षेत्र पर पर्यटन स्थल बनाया ही नही जा सकता। उक्त पवित्र भूमि पर जो पिकनिक स्पॉट बनाया गया था। वह काफी निंदणीयक्रत था।

■ **जैन समाज सिरोंज के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन गुरधानी बोले** - सम्मेद शिखर जी की लडाई में हमारी जीत तो निश्चित थी। झारखंड हाईकोर्ट का निर्णय का हम स्वागत करते है। हमें जैसा विश्वास था वैसा ही कोर्ट का निर्णय आया।

■ **दिगम्बर जैन बडा मंदिर के मंत्री जितेन्द्र जैन बब्लू बोले** - हमारे आस्था का केन्द्र रहा सम्मेद शिखर जी की लडाई समाज ने अहिंसा आत्मक रूप से लडी और हमें जीत भी प्राप्त हुई।

वरिष्ठ समाजसेवी राज कुमार जैन गुरधानी बोले - हमारे तीर्थ क्षेत्र की लडाई हमनें गंभीरता,शालीनता और न्याय पालिका पर विश्वास करकर लडी। इसी का परिणाम है कि अहिंसा परमो धर्म का नारा लेकर हमने विजय श्री प्राप्त की।

■ **पचखनी जैन मंदिर सिरोंज के मंत्री सौरभ जैन गुलाबगंज बोले** - जीयो और जीनो दो के नारे के साथ जैन धर्म की वह पुण्य भूमि जहां के एक रज का कड पाकर जो भी वहा पहुचता था। उसकी अंतर आत्मा वही की हो जाती थी। ऐसी पवित्र भूमि पर जो पर्यटक पहुचते थें। वह भी जैन धर्म के चमत्कारो को देखकर आश्र्यचकित रह जाते थें।

■ **छत्री जैन मंदिर के अध्यक्ष अतुल जैन सिक्की भैया बोले** - जैन समाज के तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर जी पर देश भर के एक एक समाजजन की आस्था वसी हुई। हमें इस लडाई में भगवान पारसनाथ का आर्शीवाद तो था ही साथ ही हमारे साधु-संतो और मुनि महाराजो का आर्शीवाद ऐसा रहा कि जैन समाज ने इस लडाई पर भी बडी आसानी से जीत हासिल की। इसी के साथ हमें न्याय पालिका पर भी पूरा विश्वास था कि न्याय तो जैन धर्म के हित में ही होगा। तो वही पारसनाथ पहाड़ी जैन समुदाय के लिए एक पवित्र स्थान है। तो वही झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य को पर्यटन, शराब और मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लागू करने के आदेश जारी कर दिए गए।

झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारसनाथ हिल मामले में दिए गए निर्णय के 15 मुख्य बिंदु

कड़े क्रियान्वयन का निर्देश :- राज्य और केंद्र सरकार को 2019 की अधिसूचना और 2023 के कार्यालय ज्ञापन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आदेश।

पर्यटन पर प्रतिबंध लागू रहेगा :- पारसनाथ पर्वत पर सभी पर्यटन और ईको-पर्यटन गतिविधियाँ तत्काल प्रभाव से बंद की जाएँ।

धार्मिक पवित्रता की रक्षा :- पर्वत की जैन धर्म के लिए धार्मिक महत्ता को बनाए रखना आवश्यकः व्यावसायिक और गैर-धार्मिक गतिविधियाँ प्रतिबंधित।

याचिका का दायरा स्पष्ट :- अदालत ने स्पष्ट किया कि यह याचिका केवल पारसनाथ पर्वत तक सीमित है, न कि उसके चारों ओर के ईको-सेंसिटिव क्षेत्र तक।

डीएलएसए को निरीक्षण का आदेश :- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (गिरिडीह) के सचिव को पर्वत पर अवैध निर्माण, स्कूल और खनन गतिविधियों का निरीक्षण करने का आदेश।

स्थिति रिपोर्ट की समय-सीमा :- सभी पक्षों और डीएलएसए को 21 जुलाई 2025 तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश।

सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ेगी :- गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक को पारसनाथ पर्वत पर होम गार्ड्स की संख्या बढ़ाने का आदेश।

अवैध निर्माण की जांच :- पर्वत पर मौजूद सभी निर्माणों की वैधता की जांच कर उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

पशु बलि और शिकार पर रोक :- किसी भी प्रकार की पशु बलि, शिकार या जानवरों के प्रति हिंसा पूर्णतः निषिद्ध।

राजनीतिक गतिविधियां प्रतिबंधित :- पर्वत पर मतदान केंद्र जैसी राजनीतिक गतिविधियाँ अनुचित मानी गईं और भविष्य में न करने का निर्देश।

मांसाहार पर पूर्ण प्रतिबंध :- यदि पर्वत पर स्कूल या आंगनवाड़ी केंद्र हों, तो वहाँ अंडा या अन्य मांसाहारी खाद्य पदार्थ परोसना प्रतिबंधित होगा।

राज्य सरकार को चेतावनी :- अदालत ने कहा कि अदालत के समक्ष तथ्यों की सही जानकारी दी जाए।

अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया संदिग्ध :- कोर्ट ने कहा कि अधिकांश नोटिस याचिका दाखिल होने के बाद जारी किए गए, जो संदेहास्पद हैं।

जनजातीय पूजा का विरोध नहीं :- अदालत ने स्पष्ट किया कि जैन और संथाल धार्मिक आस्थाओं में कोई टकराव नहीं है; हस्तक्षेप याचिकाएँ खारिज ।

निरंतर निगरानी :- मामला खुला रहेगा और 21 जुलाई 2025 के बाद प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर आगे के निर्देश दिए जा सकते हैं।

संगीत की प्रेक्टिकल परीक्षाएं संपन्न हुईं

रहली। नगर में संगीत के संवर्धन व प्रचार प्रसार हेतु संचालित संस्था श्री मार्तंड संगीत संस्थान में शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत गायन, भाव संगीत, तबला वादन, गिटार, सिंथेसाइजर, हारमोनियम, कथक नृत्य, फाइन आर्ट चित्रकला आदि की प्रैक्टिकल परीक्षाएं प्रतिष्ठा अकैडमी में संपन्न हुई। संगीत गुरु भास्कर पुराणी ने बताया की श्री मार्तंड संगीत संस्थान प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज से मान्यता प्राप्त है एवं संस्था में संगीत प्रशिक्षण के साथ साथ विभिन्न विधाओं में डिग्री डिप्लोमा कोर्स करवाए जाते हैं जो संगीत के विद्यार्थियों को भविष्य में नौकरी यदि में सहयोगी होते हैं। भास्कर पुराणी ने बताया कि सत्र 2024- 25 में 63 परीक्षार्थियों ने संगीत की गायन वादन नृत्य आदि विधाओं की परीक्षा दी प्रयाग संगीत समिति द्वारा परीक्षा लेने हेतु संगीत विद् श्री लाल राम प्रजापति को नियुक्त किया गया था। परीक्षा के दौरान विद्यार्थी अनंत तिवारी, राम पाराशर, निहाल चौबे, उदित नारायण पुराणी, प्यूष जारोलिया सौम्या बुधौलिया, तोषी तिवारी, सिद्धि कोष्ठी आदि ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसकी परीक्षाओं ने बहुत सराहना की।

महाराणा प्रताप के नाम से सामुदायिक भवन निर्माण का विधायक जैन को मांगपत्र सौंपा

सागर। क्षत्रिय समाज सागर ने शनिवार को सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के निवास पर पहुंचकर वीर महाराणा प्रताप जी के नाम पर सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख किया है कि तिली बाघराज क्षेत्र में समाज के कार्यक्रम हेतु एक बड़े सामुदायिक भवन की आवश्यकता है। मांग पत्र सौंपने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, समाज के अध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, अमर सिंह राजपूत, रामजी सिंह, एड अनिल सिंह, एड मीनाक्षी सिंह, संतोष सिंह ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

रोटरी मंडलाध्यक्ष ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया

सागर। रोटरी क्लब सागर सेंट्रल की आधिकारिक यात्रा मंडलाध्यक्ष रो अनीश मलिक एवं फस्ट लेडी रो सिम्मी मलिक द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर सागर, मोतीनगर में वाटर कूलर का लोकार्पण किया। बच्चों को ठंडे एवं स्वच्छ पानी के लिए वाटर कूलर रो राजेश सोनी द्वारा पिताजी स्व रामेश्वर प्रसाद सोनी की स्मृति में रोटरी क्लब के माध्यम से प्रदान किया गया है। इस अवसर पर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य दुबे द्वारा स्वस्तिवाचन व मंगलाचरण कर वाटर कूलर का पूजन रो अनीश मलिक व क्लब अध्यक्ष रो शरद कांत सोनी द्वारा कराया गया । इस अवसर पर रो सिम्मी मलिक, रो राजेश सोनी रो अशोक सोनी, रो विनोद ठाकुर, रो अभिनय जैन, रो माधव सोनी, रो ममता वर्मा, रो सुधीर जैन, रो समीर सराफ, रो वीरेंद्र जैन, विजय वर्मा एवं शाला प्रबंधन के लोग उपस्थित रहे। तत्पश्चात रोटरी गवर्नर रो अनीश मलिक व रो सिम्मी मलिक को सागर के पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। पुरातत्वविद डा प्रदीप शुक्ला के द्वारा सभी संग्रहीत मूर्तियों के बारे में व उनका पुरातात्विक महत्व भी बताया गया। पुरानी लिपियों के बारे में भी जानकारी दी गई, साथ ही एक पुरातात्विक महत्व की लघु फिल्म को दिखाया गया जो सागर व आसपास के पुरातात्विक महत्व व ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती है, रो अनीश मलिक ने इसे सागर की धरोहर बताया व अपने विचारों को विजिटिंग रजिस्टर मैं दर्ज किया।रोटरी क्लब सागर सेंट्रल की बीओडी की बैठक को संबोधित कर प्रत्येक रोटेरियन को ड्यूटी के संबंध में चर्चा की।

अवैध कॉलोनी विकसित/प्लॉट विक्रय करने पर तीन दर्जन से अधिक कॉलोनाइजर को थमाए गए कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर संदीप जी आर ने दी लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन दर्जन से अधिक कॉलोनाइजर को अवैध कॉलोनी विकसित/प्लॉट विक्रय करने पर कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया है कि सभी कॉलोनाइजर 13 मई तक अपने उत्तर प्रस्तुत करें अन्यथा पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।कलेक्टर संदीप जी आर ने कारण बताओं नोटिस में सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि तहसील सागर नगर स्थित भूमि पर आपके द्वारा बिना वैद्य प्रशासनिक अनुमति के छोटे-छोटे भूखण्ड काटकर विक्रय किया जा रहा है, जो अवैध कॉलोनी विकसित/प्लॉटिंग की श्रेणी में आता है।

उपरोक्त भूमि पर बिना कॉलोनाइजर लायसेंस एवं विकास की अनुमति के भूखण्ड विकसित करना व विक्रय किया जाना पाया गया है, जो कि मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61-ख एवं 61-ग का उल्लंघन होकर अधिनियम की धारा 61-घ,61-ङ,61-ङक, 61-च, 61-छ एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 की अध्याय चार के तहत दण्डनीय है। उक्त नोटिस के संबंध में स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से 13 मई को अभिलेखीय साक्ष्य सहित, समक्ष में उपस्थित होकर, अपना समाधानकारक उत्तर आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उत्तर प्रस्तुत न करने अथवा प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक न पाये जाने की स्थिति में वादग्रस्त भूमि का प्रबंधन मध्यप्रदेश शासन अपने हांथों में ले लेगा व किसी भी प्रकार के विक्रय/निर्माण आदि पर स्थगन जारी किया जावेगा साथ ही आपके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बीना द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि भूमि पर आपके द्वारा कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण (फॉलोनाईजर लायसेंस) एवं नियमानुसार कॉलोनी विकास की अनुज्ञा प्राप्त किये बिना छोटे-छोटे भूखण्ड बनाकर अवैध कॉलोनी का विकास किया गया है। उक्त कृत्य अवैध कॉलोनी विकसित/प्लॉटिंग की श्रेणी में आता है जो कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 (ग) एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 3 व 15 का उल्लंघन होकर नियम 22 व 26 के तहत दण्डनीय है। वादग्रस्त भूमि पर तत्काल समस्त प्रकार का अनाधिकृत विकास कार्य रोके आदि शामिल हैं।

प्राकट्योत्सव पर चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना, शहर में निकली रैली, जयकारों से गूंजा पूरा अंचल

भगवान चित्रगुप्त के नाम पर होगा शहर के एक चौराहे का नामः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

रविवार को नगर में भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रैली की शुरुआत संजय ड्राइव रोड से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली और शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना दिया। रैली को नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि शहर के एक प्रमुख चौराहे का नाम भगवान चित्रगुप्त के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम भगवान चित्रगुप्त के प्रति श्रद्धा और समाज के सांस्कृतिक मूल्यों के सम्मान को दर्शाता है।विधायक जैन ने अपने संबोधन में कहा भगवान चित्रगुप्त को किसी एक समाज से जोड़कर देखना उचित नहीं है। वे हम सबके आराध्य हैं, हम सबके भगवान हैं। उनका संदेश सत्य, कर्म और न्याय का है, जो हर मानव जीवन के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को भगवान चित्रगुप्त से प्रेरणा लेकर अपने कर्मों का लेखा-जोखा स्वयं करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। रैली के दौरान शहर को भगवामय रंग में रंगा देखा गया। वाहन फूलों और ध्वजों से सजे हुए थे, और समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में भगवान चित्रगुप्त की जय-जयकार करते हुए चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई और स्वागत द्वारों के माध्यम से रैली का स्वागत किया गया।इस अवसर पर परकोटा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। पूजा में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और भगवान चित्रगुप्त से नगरवासियों के कल्याण एवं सद्भावना की प्रार्थना की गई। मंदिर परिसर में भक्ति भाव का माहौल रहा और श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा संपन्न की।

रैली के सफल आयोजन के लिए समाजजनों ने प्रशासन और पुलिस विभाग का आभार जताया। पूरे मार्ग पर यातायात नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधा की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। वाहन रैली का समापन शंकर प्लेस पर हुआ। इस समापन कार्यक्रम में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया और नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

डॉ. हरीसिंह गौर विवि में आयोजन

कौशल दक्षता व्यक्तित्व विकास के लिए है जरूरीःनीलिमा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, आमजन एवं प्रोफसनल्स के लिये ग्रीष्मकालीन अवकाश में कौशल विकास के लिये दो से चार सप्ताह अवधि के 9 कोर्स इस बार जून 2025 में आयोजित किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. नीलिमा गुप्ता ने इसके लिये एक विशेष प्रकोष्ठ 'नवाचार एवं समर स्किल कार्यक्रम' का पिछले सत्र में गठन किया था। विगत सत्र में विश्वविद्यालय पहली बार जून माह में भी समर स्कूल कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने समर स्कूल 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इसके सभी 9 कोर्सेज के पोस्टर्स का विमोचन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी उच्चशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में रोजगारोन्मुख क्षमता विकास के साथ-साथ उनमें व्यक्तित्व विकास के लिये विशेषतः फोकस करने हेतु निर्देशित किया गया है।

हमें अपने विश्व गुरु होने का स्थान पुनः हासिल करना होगा

सागर। त्याग और तपस्या की धरा हमारी भारत भूमि पर आज आतंक की काली छाया मंडरा रही है इतिहास गवाह है कि जब-जब इन शक्तियों ने सर उठाया है हमने सख्ती से इनका सर कुचल दिया है। हम कभी बदला या प्रतिशोध के पक्षपाती नहीं रहे लेकिन दुष्ट आसुरी शक्तियों का सख्ती से दमन कर उनके अपराधों के लिए सदैव दंडित किया है । भले ही उनका वध ही क्यों न करना पड़े और यह हुआ भी है। हम साहित्यिक लोग हैं हम पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से इन कृतयों की घोर निन्दा और भर्त्सना करते हैं। आज हम उच्च शिक्षित तो हुए हैं पर नैतिक कर्तव्यों और चरित्र से बहुत पीछे रह गए हैं हम विकास की दौड़ में भी अग्रिम पंक्ति में आ गए हैं किंतु अपनी परंपराओं को बहुत पीछे छोड़ा है अतः हमें अपनी जड़ों की ओर वापस लौटना होगा और इन्हें पुनः आत्मसात कर अपना विश्व गुरु का स्थान पुनः हासिल करना होगा। यह बात सागर से पूरन सिंह राजपूत ने कही। वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1581वीं और ऑनलाइन 259वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से प्रो. डा. सरोज गुप्ता ने मधुर स्वर मे भक्तिभाव से मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/निविदा/25/964 — सिरोंज दिनांक 02/05/25

ई-टेंडर आमंत्रण सूचना

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है -

टेंडर क्रमांक	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि रू.	ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य	समय अवधि
1	2	3	4	5	6
2025_UAD_418700_1	नगर के विभिन्न स्थानों पर बोर (नलकूप) खनन कार्य	39,98,760	30,000	5,000	02 माह

शर्त - टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा।

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिरोंज

।। जाहिर सुचना ।।

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नें आप श्रीमती मीनाबाई पत्नि श्री मोहनलाल रामानी निवासी मुखर्जीनगर विदिशा म.प्र. के स्वत्व एवं आधिपत्य का मकांन पक्का दों मंजिला आर.सी.सी.व गाडरफर्सी पोश स्थित वार्ड क्रमांक 16 महावीर स्वामी वार्ड के मोहल्ला चन्द्रकात तारे मार्ग की गली के अन्दर, सीमा नगरपालिका परिषद विदिशा जो 1728.81 वर्गफिट अर्थात् 156.03 वर्गमिटर का है, जिसमें कुछ ऐरिया पर मकान निर्मित है, एवं कुछ ऐरिया खुले प्लाट के रूप में है, जिसके पूर्व दिशा में - मकान गजानंद तलरेजा पश्चिम दिशा में - मकान नंदकुमार, उत्तर दिशा में-भूमि महाराष्ट्र समाज एवं दक्षिण दिशा में - सी.सी.सी.रोड है, को क्रय करने का मौखिक अनुबंध कर ब्याना राशि अदा कर दी गई है, अब केवल विक्रय- पत्र का निष्पादन होकर पंजीयन कराना एवं मकान का कब्जा लिया जाना शेष है। उक्त मकान वावत् किसी व्यक्ति विशेष, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय का कोई ऋण-भार या स्वत्व सम्बन्धी विवाद हो तो इस जाहिर सूचना के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में अपनी समस्तदस्तावेजो सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद मेरे पक्षकार द्वारा मकान का विक्रय पत्र सम्पादित करवाकर उसका रजिस्ट्रेशन करा लिया जावेगा एवं कब्जा मकान प्राप्त कर लिया जावेगा तत्पश्चात् किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।
आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी। कृपया सुचित है।। दिनांकः 25/04/2025

भवदीय श्रीमती ममता जैन एडवोकेट
वार्ड नंबर-16 बड़े जैन मंदिर के पास महावीर मार्ग किले अंदर विदिशा म.प्र. मो. नंबर : 9425615031

चेतावनी: मौसम विभाग ने कल तक का अलर्ट किया जारी

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, आंधी चलने से उड़े छप्पर, फिर हुई हल्की बारिश

- दो दिन से बिगड़ा मौसम चल रही धूल भरी आंधी
- हल्की बारिश ने भिगोया फसलों को बताया फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार से अचानक हुए मौसम में बदलाव के बाद रविवार को आसमान में सुबह से ही बादल छाए रहे, वहीं शाम को तेज आंधी लोगों के घर के छप्पर ले उड़ी। आंधी के बाद हल्की बारिश ने गर्मी में ठंडक घोल दी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

रविवार शाम साढ़े 4 बजे से शुरू हुई आंधी लगभग डेढ़ से दो घंटे तक चलती रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। धूल भरी आंधी के चलते जो जहां था, वहीं खड़ा रह गया और बचाव के लिए सुरक्षित जगह तलाशते दिखे। आंधी से दुकानों के आगे लगे टीनशेड हिल रहे थे, वहीं कई घरों के छप्पर, शेड धराशायी हो गए। जिलेभर में कई स्थानों पर आंधी के साथ बारिश भी हुई, जिससे दिनभर की तेज धूप और गर्मी से राहत मिली।

खास बातें

- एक घंटे तक रही बिजली गुल, लोग हुए हलाकान
- आंधी के बाद हुई हल्की बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट
- तेज आंधी एवं तूफान से उड़े लोगों के घरों के छप्पर, पेड़ हुए धराशायी

आंधी से एक घंटे बिजली रही गुल

करीब दो घंटे आंधी चलने के बाद आसमान में काले बादलों से हल्की बारिश हुई, जो कि किसानों के लिए फायदेमंद साबित होना बताया जा रहा है। आंधी चलने से शहर की बिजली गुल हो गई, जो लगभग डेढ़ घंटे बाद लौटी। सुबह से तापमान में गिरावट देखी गई, जो आंधी और बारिश के कारण 5 बजे 35.4 डिग्री पर पहुंच गया था। मौसम विभाग के अनुसार मौसम में बदलाव का यह असर रविवार को भी बना रहेगा। रात में भी बारिश होने की आशंका जताई गई है।

कल तक खराब रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर के अनुसार 7 मई तक मौसम का यही हाल रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश हो सकती है। तीन और पांच मई को बारिश की संभावना है। जिससे तापमान में गिरावट होगी, लेकिन उमस बढने से दिक्कत हो सकती है। सात मई के बाद फिर तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है। जो एक दो दिन बना रह सकता है।

तेज हवाओं के साथ देर रात तक होती रही बूंदाबांदी

दीवानगंज। क्षेत्र में मौसम ने देर शाम अचानक करवट बदली और कई गांवों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई जो देर रात तक रुक रुक कर होती रही। वहीं 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली तो दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में धूल का गुबार उठा। हवाओं के कारण बिजली भी गुल हो गई जो देर रात तक नहीं आई। तेज हवाओं के कारण घर के ऊपर रखा सामान भी उड़ता हुआ नजर आया। जिसको ग्रामीण बिनते हुए देखे गए। मौसम विभाग ने अगले 2 से 3 दिन तक क्षेत्र में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

टाकीज, मंडी रोड व छोटा बाजार मार्ग पर अतिक्रमण की भरमार

सब्जी मंडी के भीतर से अधिक दुकानें बाहर सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले माह एक सप्ताह से अधिक समय तक नगर के प्रमुख मार्गो से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चली। सडक़ो के किनारे के हाथ ढेला छोटी दुकानों को हटा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद बनी उदासीनता से पुनः पुरानी स्थिति टाकीज रोड, सब्जी मंडी मार्ग, छोटा बाजार मार्ग, बडा बाजार में दिखलाई देने लगी है।

मुख्य सडक़ के एक किनारे अतिक्रमण रोकने सडक़ का सीसी रोड बनाया जा रहा है। परंतु सडक़ो के किनारों पर दुकानें लगने के साथ धूपसे बचने पाल पलवाई और छोटे दुकानदारों, हाथ ढेलों, टपो ने डेरा जमाना शुरू कर देने से अतिक्रमण की भरमार के कारण कभी भी बाजार में मुख्य सडक़ो पर जाम लगने की स्थिति बन रही है।

पुराने सरकारी भवनों पर अतिक्रमण

सबसे बड़ी बात तो यह है कि पुरानी अदालत से लगे पुराने भवनों, खाली पडी सरकारी भूमियों जिसकी कीमत करोडो रू. है। पक्का अतिक्रमण कर सरकारी भूमियों भवनों का निजी उपयोग किया जा रहा है। सरकारी भवनों भूमियों से अतिक्रमण हटाने जिम्मेदारों की उदासीनता और रूकी अतिक्रमण हटाने की मुहिम व्यापक चर्चाओं का विषय बनी हुई है।

नहीं है पार्किंग, मंडी स्थान बदलने की मांग

जब बरेली नगर की आबादी 3-4 हजार रही होगी तभी से बडा बाजार में मस्जिद के सामने सब्जी मंडी लगती आ रही है। पूर्व में थोक सब्जी मंडी भी यही लगा करती थी। अब कृषि उपज मंडी में पहुंच गई है। सब्जी मंडी का स्थान छोटा, दुकानदारों की संख्या अधिक होने से सडको पर दुकानें लगती और जाम लगने की परेशानी का कारण बनती है। सब्जी मंडी का स्थान बदलने की मांग जोर पकड रही है। इसी के साथ सब्जी मंडी, बडा बाजार, छोटा बाजार, टाकीज रोड पर वाहन पार्किंग स्थल बनाने की मांग नागरिकों, व्यापारियों द्वारा की जा रही है।

सब्जी मंडी का स्थान बदलने की मांग

मुख्य मार्ग से बडा बाजार जाने वाले रास्ते पर पुरानी अदालत कन्याशाला के दो मंजिला पुराने भवन को तोड़ कर सब्जी मंडी के छायादार शेडो का निर्माण किया गया। इसी के आसपास नपं. द्वारा पक्की दुकानें निर्माण कर दुकानदारों को दी गई। सब्जी मंडी के भीतर शेडपर बने चबूतरों से अधिक दुकानें तो बाहर सडक़ पर लगने और हार्कस जोन के शेड में फलों की दुकानें कम और बाहर सडक़ पर दर्जनों दुकाने लगने से अतिक्रमण की भरमार में बच्चों, महिलाओं, बुजूर्गो का निकलना जोखिम भरा बना रहता है।

18 हजार किमी की साइकिल यात्रा कर रहे केशव साहू का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर रविवार दोपहर को साइकिल से चार धाम की यात्रा करते हुए नजर आए। मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत घाट पिपरिया जिला दमोह से केशव साहू 24 अगस्त 2024 से चार धाम 12 ज्योतिर्लिंग यात्रा पर निकले जो 14 राज्य की यात्रा करते हुए 18000 किलोमीटर साइकिल से यात्रा का संकल्प लिया है। रविवार को केशव साहू अपने साथियों के साथ दीवानगंज पहुंचे, जहां पर उनका समाजसेवियों ने स्वागत किया।

केशव ने बताया कि सनातन धर्म गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए, प्राकृतिक मां के लिए समर्पित 11 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया है। प्राकृतिक मां की रख-रखाव किया जाए। प्रदूषण मुक्त भारत बनाया जाए, मेरा भारत क्लीन हर जगह डस्टबिन हो, सनातन धर्म को मजबूत किया जाए। भारत के चार धाम यात्रा और 12 ज्योतिर्लिंग सहित जागेश्वर नाथ और हरिद्वार से 21 लीटर गंगाजल लेकर में 9 मई को जागेश्वर नाथ पहुंचेंगे। जहां मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कॉरिडोर का भूमिपूजन करेंगे उनके साथ में जल अर्पित करेंगे।

आधार केंद्रों की संख्या 5, सैकड़ों की संख्या में भीड़ आधार केंद्र बढ़ाने की मांग

केंद्रों की कमी के चलते आधार कार्ड में सुधार व अपडेट कराने भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

वर्तमान में होने वाले बायोमैट्रिक अपडेट, ईकेवाईसी के कारण प्रत्येक व्यक्ति को अपने आधार मैं सुधार करवाना आवश्यक हो गया है ऐसी स्थिति में नगर में संचालित पांच आधार केंद्र पर सुबह से शाम तक सैकड़ो की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो रही है। लेकिन दिन भर में लगभग 35 से 40 व्यक्तियों के ही आधार में सुधार हो पा रहा है।

पहले आधार के प्राइवेट केन्द्र ज्यादा थे, जो अब बंद हो गए। आधार केन्द्र पर सबसे ज्यादा भीड़ बच्चों, महिलाओं की है। जिन्हें जाति प्रमाण पत्र बनवाना है, कंट्रोल की दुकान पर ईकेवायसी कराना है। समग्र आईडी में नाम जुड़वाना है। इसके अलावा परीक्षाओं के फॉर्म भरना है, अन्य योजनाओं में आधार कार्ड जरूरी है लेकिन यह लोग परेशान हैं, इनके आधार कार्ड में नाम के साथ जाति न लिखी होने, जन्म तिथि में गड़बड़ी, पिता का नाम सही न होना, पता सही न लिखा होना, नाम में अक्षर सही न लिखे होने जैसी त्रुटियां हैं।

इधर केंद्र घटे, उधर आधार कार्ड अपडेट कराने वालों की संख्या बढ़ी

वर्तमान में समग्र आईडी मैं ईकेवाईसी को लेकर अभियान चल रहा है जिसको लेकर लोगों में आधार अपडेट करवाने की जल्दबाजी देखी जा रही है। छात्र भी प्रवेश परीक्षा के लिए आधार कार्ड सही कराने पहुंच रहे है।

इनका कहना है

आधार केन्द्र के संबंध में संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे। जिससे लोगों के काम आसानी से हो सकें। कुछ काम मोबाइल से भी हो सकते हैं, लोग उसे समझे और स्वयं भी करें।

- **संतोष मुद्गल,** एसडीएम बरेली।

बढ़ाई जाए केंद्रों की संख्या

लोगों की मांग है कि आधार केन्द्र की संख्या बढ़ाई जाना चाहिए। छोटे बच्चों को भी लेकर महिलाएं आ रही हैं। बैजंती बाई ने बताया कि बच्चा गोद में है, लेकिन आधार अपडेट कराना है। जिससे राशन दुकान पर नाम दर्ज हो सके। अभी इसमें मायके का पता लिखा हुआ है, पिता का नाम है। अब बदलाव कराकर पति का नाम पता कराना है। सुबह से बैठे हैं, भीड़ ज्यादा होने से नंबर नहीं आ रहा है। मनोज ने बताया कि वह अब 11 साल के हो गए हैं, आधार अपडेट कराना है। सलमान ने बताया कि राशन दुकान में केवायसी होना है आधार में मोबाइल नंबर नहीं है। मोबाइल नंबर अपडेट कराना है, जिससे केवायसी हो सके, नहीं तो राशन नहीं मिलेगा।

बिजली कार्मिक 24x7 फोन पर हैं उपलब्ध

रायसेन। आंधी, बारिश के दौरान एवं अन्य व्यवधान के कारण हुए बिजली फॉल्ट की शिकायतें दर्ज कराने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को अनेक विकल्प प्रदान किये गये हैं। अब उपभोक्ताओं के पास विद्युत व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज करने के लिए कॉल सेन्टर के टोल फ्री नंबर 1912, व्हाट्सऐप नंबर 0755-2551222, मोबाइल ऐप उपाय अथवा कंपनी की वेब साइट का विकल्प मौजूद है। उपभोक्ता इन विकल्पों में से किसी भी एक विकल्प का उपयोग कर अपनी विद्युत व्यवधान संबंधी शिकायतें दर्ज कर आसानी से निराकरण करा सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ता शिकायत दर्ज करने के लिए मोबाइल में कंपनी के व्हाटसऐप नंबर 07552551222 को सेव कर मैसेज लिखकर भेजें एवं आगामी संदेशों का पालन करें।

खेलों का अभ्यास कर रहे विद्यार्थी, उचित प्रबंध न होने के बाद भी फहरा रहे परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

खेलो का अभ्यास करने को लेकर स्कूली छात्र छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा हैं। तय समय पर विद्यार्थी खेल मैदान पर पहुंच कर खेलो का अभ्यास करने में अपना पसीना बहा रहे है। सीएम राइस विद्यालय के कच्चे खेल मैदान पर सुबह व शाम की 2 पाली में 50 से अधिक छात्र छात्राओं के द्वारा कबडडी व वॉलीबाल खेल का अभ्यास किया जा रहा है।

कोच कमलेश जाटव, उवेश मंसूरी व योगेश कुलकर्णी द्वारा खेलो का अभ्यास करने वाले छात्र छात्राओं को रुचि अनुसार अभ्यास कराया जा रहा हैं। खेल मैदान पर 31 दिनी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा हैं। जहां पर कि सुबह 6 से 8 बजे तक तथा शाम साढ़े 5 से 7 बजे तक छात्र छात्राओं को कबड्डी व वॉलीबाल खेल का अभ्यास कराया जा रहा हैं।

खेल प्रशिक्षक व समन्वयक कमलेश जाटव ने बताया कि सुमित रघुवंशी के द्वारा वॉलीबाल खेल का अभ्यास किया जा रहा हैं। जो कि सीएम राइस स्कूल के कच्चे खेल मैदान पर खेल का अभ्यास कर स्टेट स्तर पर अपना प्रदर्शन कर चुका हैं। इसी तरह हर्ष सहारे, राधिका कुशवाहा भी वॉलीबाल खेल का अभ्यास पूर्ण मनोयोग से कर रहे हैं। इतना ही नहीं आयोजित किए जा रहे शिविर में दिव्यांश जाटव, अर्जुन रजक, मयंक कुशवाहा आदि खिलाड़ी कबड्डी खेल का अभ्यास कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्तर तक कर चुके है प्रदर्शन -

प्रशासन व जिम्मेदारों द्वारा ना तो खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है ना ही खेलो का अभ्यास करने व्यवस्था बनाई जा रही है। अव्यवस्थों के बावजूद भी अंचल के उदीयमान नवोदित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न खेलों का प्रदर्शन कर अपना परचम फहरा चुके हैं। खेल स्टेडियम ना होने तथा विभिन्न प्रकार के खेलो के अभ्यास किए जाने के उचित संसाधन ना होने के बावजूद भी खिलाड़ी प्रति दिन कच्चे खेल मैदान पर तय समय पर पहुंच कर खेले का अभ्यास करते हुए देखे जा रहे हैं है। खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी खेल स्टेडियम का निर्माण कराने तथा संसाधन उपलब्ध कराने अनेको दफा उचित मंच से कर चुके है।

भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर शहर में निकाली शोभायात्रा

पारंपरिक परिधान पहनकर शोभायात्रा में शामिल हुई महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार शाम को शहर में भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर कायस्थ समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ मुखर्जी नगर से हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चित्रगुप्त मंदिर तक पहुंची।

शोभायात्रा में समाज के महिला-पुरुष और बच्चों ने पारंपरिक परिधान पहनकर भाग लिया। कई जगहों पर समाजजनों ने आतिशबाजी कर और पुष्प वर्षा के माध्यम से यात्रा का भव्य स्वागत किया। यह शोभायात्रा सागर रोड, शासकीय कन्या स्कूल, सागर तिराहा और महामाया चौक से होती हुई चित्रगुप्त मंदिर पहुंची। महामाया चौक पर श्री हिंदू उत्सव समिति और अनिल श्रीवास्तव मित्र मंडली के द्वारा समाजजनों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

चित्रगुप्त मंदिर परिसर में विधिवत पूजन-अर्चना, हवन और भजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राजनीतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अमित श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सड़कों पर खड़े वाहनों से दिन में कई बार बनते हैं जाम के हालात

बैंकों के पास नहीं पार्किंग, सड़कों पर खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर से निकले स्टेट हाइवे क्रमशः 44 तथा 15 पर 9 बैंक संचालित हो रहे है। हालत ये है कि इन बैंकों के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिससे बैंक आने वाले लोग सड़क किनारे वाहन पार्क करते हैं। सुबह 11 बजे से वाहनों के खड़े होने का सिलसिला शुरू हो जाता है जो कि शाम 5 बजे तक चलता रहता है। दोपहर के बाद वाहनों की संख्या ज्यादा होने पर सड़क पर निकलना मुश्किल होता है।

वाहनों की वजह से दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती है। लेकिन बैंक प्रबंधन के द्वारा पार्किंग व्यवस्था को लेकर कोई प्रयास नही किए जा रहे है। फलस्वरुप वाहनो के बीच सड़क तक खड़े होने से राहगीरो सहित वाहन चालको को खासी परेशानी हो रही हैं। लोगों को हो रही परेशानी से बैंक प्रबंधन के साथ ही स्थानीय प्रशासन भी लापरवाहरी बना हुआ है।

नगर से निकले स्टेट हाइवे 44 के किनारे पर निजी भवनो में भारतीय स्टेट बैंक, सेंटळ बैंक ऑफ इंडिया, मप्र ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, आईसीआईसीआई, केनरा बैंक, पंजाव नेशनल बैंक आदि बैंको की शाखाएं संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त स्टेट हाइवे पर ही समूहो को फायनेंस करने वाली अनेक बैंकिंग संस्थाओ के कार्यालय व कियोस्क सेंटर भी संचालित हो रहे है। लेकिन किसी भी संस्था के पास पार्किंग सुविधा नही है। ग्राहको के साथ ही बैंक में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियो यहां तक कि निरीक्षण करने आने वाले उच्चाधिकारियो के बाहन भी सड़क पर ही पार्क होते है। किसी भी बैंक या संस्थान के पास पार्किंग की जगह नहीं हैं। जिससे वाहन चालक सड़क किनारे वाहनों को पार्क करते हैं। दोपहर के बाद दोनो ही स्टेट हाइवे पर जाम की स्थिति बन जाती है।

शिवाजी नगर से बजरंग चौराहा तक सर्वाधिक बैंक

स्टेट हाइवे 44 से बजरंग चौराहा तक सर्वाधिक 6 बैंक संचालित हो रही हैं। जहां सड़क के दोनों तरफ बैंक बने है। किसी भी बैंक के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है जिससे सड़क किनारे वाहन खड़े होते हैं। दोपहर के बाद आधी से ज्यादा सड़क दो व चार पहिया वाहनों से भर जाती है जिससे अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी होती है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक / 1246/रा.शा / न.पा. 2025 — दिनाक 02/05/25

// निविदा सूचना आमंत्रण //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका रायसेन द्वारा अपने स्वामित्व की न्यू बस स्टेण्ड के पास (रैन बसेरा के समीप) नव निमार्णाधीन दुकान क्रमांक 01,02,03,04,05,06,07,08,09,10,11,12,13,14,15 (भूतल 01,02,03,04,05,06, प्रथत तल 07,08,09,10,11,12,13,14,15) हेतु निविदा https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 01.05.2025 को समय प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 02.06.2025 को समय 17.30 बजे तक क्रय कर दरे प्रस्तुत की जा सकती है।

क्र.		वर्ग	दुकान नं.	दुकानों का आकार (लगभग)	अमानत राशि (प्रति दुकान)	न्यूनतम ऑफसेट प्राईज (लाख में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (प्रति दुकान)
1	2025_UAD_420219_1	अनारक्षित	01/2025	12'X20'	30000	1200000	2000
2	2025_UAD_420220_1	अनारक्षित	02/2025	12'X20'	30000	1200000	2000
3	2025_UAD_420221_1	अनारक्षित	03/2025	12'X20'	30000	1200000	2000
4	2025_UAD_420222_1	अन्य पिछडा वर्ग	04/2025	12'X20'	30000	1200000	2000
5	2025_UAD_420223_1	अनुसूचित जनजाति	05/2025	12'X20'	30000	1200000	2000
6	2025_UAD_420234_1	केश शिल्पी	06/2025	12'X20'	30000	1200000	2000
7	2025_UAD_420235_1	अनारक्षित	07/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
8	2025_UAD_420240_1	अनारक्षित	08/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
9	2025_UAD_420249_1	विकलांग	09/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
10	2025_UAD_420252_1	अनारक्षित	10/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
11	2025_UAD_420253_1	अनारक्षित महिला	11/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
12	2025_UAD_420254_1	अनारक्षित	12/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
13	2025_UAD_420255_1	अनुसूचित जाति	13/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
14	2025_UAD_420256_1	अनुसूचित जाति	14/2025	12'X20'	30000	1000000	2000
15	2025_UAD_420257_1	अनारक्षित	15/2025	12'X20'	30000	1000000	2000

निविदा में कोई परिवर्तन एवं संशोधन https://mptenders.gov.in पोर्टल पर ही किया जावेगा। जो मान्य होगा।

श्रीमति सविता जमना सेन
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन